तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 22 जून 2024

11 योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक...



12 अपनी दिनचर्या में शामिल करें योग, रखें तन मन को ...





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# अमलीपदर सूखा नदी का निर्माण अधर में, जान जोखिम में डालकर फिर स्कूल पहुचेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लोग आजादी के 75 वर्षों बाद भी पुल, पुलिया सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहे है, कई बार आंदोलन चक्काजाम के बाद पुल पुलिया के लिए करोड़ों रूपये स्वीकृत होने के बाद कई पुल पुलिया का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है और जहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है उसकी स्थिति बेहद ही खराब है संबधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों के उदासीन रवैये के कारण क्षेत्र के लोगों को बारिश के दिनों में फिर जान जोखिम में डालकर नदी पार कर आना- जाना करना पड़ंगा और तो और स्कूली छात्र- छात्राएं भी जान हथेली में रख नदी पार कर स्कूल आना- जाना करने मजबूर होंगे। लगभग 20 वर्षों से चली आ रही मांग के बाद मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में 7 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई पर विभागीय उदासीनता के चलते आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। 150 मीटर पुल के निर्माण की जवाबदारी पीडब्ल्यूडी के सेतु शाखा को मिली थी। निविदा के बाद एनजी एसिसोएट नाम की कंपनी को काम मिला। 5 जून 2022 को कार्य आदेश जारी हुआ, जिसे 2023 में पूरा कर लिया जाना था, लेकिन ठेका कम्पनी ने तय समयावधि के अतरिक्त और एक साल मिलने के बावजूद केवल 28 प्रतिशत ही काम कर पाया। पिछले 24 ⏭ शेष पेज 10 पर

## ओडिशा- छत्तीसगढ़ के लगभग 100 ग्रामों के लोगों का होता है आना- जाना

### क्षेत्र में पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद से शिकायत

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के दौरे में पहुची महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी से भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव जनपद सभापति निर्भय सिंह ठाकुर ने मुलाकात कर शिकायत किया कि संबधित विभाग के उदासीन रवैये के कारण पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी चल रहा है बारिश के दिनों में 70 से 80 ग्रामो के लोगो का इस मार्ग से आना जाना होता है स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुचते हैं।





### ठेका कंपनी के पास काम करने नहीं थे पर्याप्त संसाधन

ठेका कंपनी के पास काम करने पर्याप्त संसाधन नहीं थे। लिहाजा पिलहर के लिए नींव खोदने में ही एक साल से ज्यादा समय लग गए। नींव खुदाई में आए पत्थर को तोड़ने के लिए मशीन जुगाड़ करने में ठेका कंपनी को 6 माह लग गए थे। काम देरी होते देख विभाग ने 6 प्रतिशत पेनाल्टी चार्ज कर दिया था। तीन नोटिस के बाद 14 जून 2024 को सेतु शाखा ने ठेका निरस्त कर दिया। विभाग ने अब तक 28 प्रतिशत काम के एवज में लगभग डेढ़ करोड़ का भुगतान कम्पनी को किया है। अब रिटेंडर के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### आंधी से बिजली आपूर्ति ठप लोग रातभर गर्मी से परेशान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुड़ागांव अंचल के ग्राम अकलवारा कसेकेरा में बिते दो दिनों से रात भर लाइट बंद रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में थोड़ा बहुत आंधी- तूफान आया की रात्रि में लाइट बंद कर दिया जाता है और फिर वापस नहीं आता। व पूरी रात लाइट बंद रहती है, जिससे ग्रामीणों को रात भर जागना पड़ता है। तेज उमस गर्मी में लोगों का नींद खराब कर दिया जा रहा है। बारिश के दिनों में लोगों को कीड़े- मकोड़े, सांप, बिच्छू आदि जहरीली जीव जंतुओं का डर रहता है और ऊपर से तेज उमस गर्मी से ग्रामीणों की नींद खराब हो रहा है। मुड़ागांव सबस्टेशन के लाइट व्यवस्था इतनी खराब है कि मुड़ागांव क्षेत्र के लोगों को लाइट बंद होने पर लोगों को रात भर बिना लाइट के रात्रि गुजारना पड़ता है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखी जा रही है, बिजली कटौती को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रिय विधायक से शिकायत का विभाग के अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत आवेदन कर तत्काल बिजली कटौती और व्यवस्था सुधार करवाने की बात कही गई है।

### ब्रह्माकुमारीज की त्रिमूर्ति भवन में योगाभ्यास कल

**नवापारा-राजिम।** ब्रह्माकुमारीज त्रिमूर्ति भवन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 23 जून को होगा। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षक रेखराज साहू विभिन्न रोगों के उपचार, योग की विधि, स्वस्थ जीवन पर आधारित योग सिखायेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने बताया कि कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सदस्यों के साथ-साथ नगर एवं आसपास के गांव से लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे जिसकी तैयारी की जा रही है।

### खेत में झूल रहे हैं बिजली के तार शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई



**छुईहा बेलर।** विद्युत वितरण केन्द्र फिगेंश्वर अन्तर्गत ग्राम चरभट्ठी स्थित खेत में झूल रहे बिजली के करेंट प्रवाह तार किसानों के सामने परेशानी का सबब बने हुए हैं और इन झूलते तारों से करंट का खतरा बना हुआ है। चरभट्ठी सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच गोवर्धन साहू, निवासी किसान ठाकुर राम साहू ने बताया कि उसके खखेततलाब किनारा है। वहां से एल टी लाइन तार निकली है। इसके तार ढीले होने के कारण झूल रहे हैं। ये तार इतने नीचे झूल रहे हैं कि खेत की झुक कर भी चलने से टच हो जाते हैं, जिससे उनमें करंट दौड़ जाता है। गत दिवस एक गाय की इसकी चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं आसपास लोग एवं बच्चे भी चले जाते है, जिससे जनहानि का खतरा बना हुआ है। खेत में जुताई करने मे भी डर लगता है, क्योंकि तार के करंट का खतरा है। इससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्युत वितरण अधिकारी जे ई चन्द्राकर हर ⏭ शेष पेज 10 पर

**लापरवाही :** ठेकेदार ने कहा- पोताई हो गई है, अब मरम्मत होगी

# छत का प्लास्टर उखड़ा, किचन शेड टूटा, स्कूल खुलने में पांच दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के मरम्मत सौंदर्य करण का कार्य चल रहा है। प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण हुआ है, द्वितीय अतिथि चरण का कार्य आदेश हुआ है और लगभग हर जगह पर या तो अधूरा है या फिर चालू ही नहीं हुआ है। कई जगह पर तो पूर्णता तिथि 6 माह हो जाने के बाद भी अभी तक के कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, शासकीय प्राथमिक शाला ज्ञान ज्योति विद्यालय कारीदादर में एक लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति का भुगतान किया गया है, जिसमें सिर्फ पुताई किया गया है जबकि पूर्णता की तिथि 27 दिसंबर 2023 है उसके पश्चात सिर्फ पोताई हुआ है टाइल्स जो स्कूल में पेटी रखा है जो स्कूल खुलने के पश्चात कार्य होगा और बच्चे और शिक्षक दोनों परेशान होंगे।

### मरम्मत कार्य बांकी है


ठेकेदार से जानकारी ली है, उन्होंने बताया की मरम्मत का कार्य बांकी है, जो लगभग एक महीना लग सकता है।
-प्रियेश वर्मा, इंजीनियर





बरामदे का प्लास्टर गिरा






इसी तरह प्राथमिक शाला चरोदा में किचन शेड पूरी तरह टूटा हुआ है और स्कूल के बरामदे का छत का प्लास्टर गिरा हुआ है, किंतु ठेकेदार द्वारा उसे पुताई कर दिया गया है और कहा जा रहा है की पुताई का कार्य हो गया है। अब मरम्मत का कार्य किया जाएगा जबकि कहीं भी भवन में पहले मरम्मत का कार्य होता है फिर पुताई का कार्य किया जाता है, इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि स्कूलों के मरम्मत और सौंदर्याकरण के कार्य में शासन प्रशासन कितना गंभीर है?

# गबन के आरोप पूर्व महिला सरपंच जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



■ शासकीय निर्माण कार्यों में 4.45 लाख रूपए गबन का मामला

जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत स्कूल भवन, शौचालय निर्माण, कीचन सेड निर्माण, नाली निर्माण सहित विभिन्न शासकीय निर्माण कार्यो में राशि आहरण करने के बाद भी निर्माण कार्य पुरा नहीं करने वाले और शासकीय राशि के गबन करने वाले पंचायत के सचिव एंव सरपंचों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, राशि गबन के आरोप में कार्यवाही करने से अब गबन करने वाले सरपंच व सचिवों में हडकंप मचा हुआ है। शुक्रवार को मैनपुर न्यायलय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मैनपुर द्वारा जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दाबरीगुडा के तत्कालीन महिला सरपंच को शासकीय राशि गबन के आरोप में जेल भेजा गया है, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग मैनपुर ने बताया कि ⏭ शेष पेज 10 पर

### बारुला में मानसगान व कवि सम्मलेन आज



**छुईहा बेलर।** ग्राम बारूला में आज संगीतमय मानसगान सह राम गुणगान व्याख्यान एवं कवियों का काव्य-संग्रह पाठ का आयोजन किया गया है। सिद्ध विधायक आश्रम संचालक एवं भगवताचार्य पंडित त्रिभूवन प्रसाद मिश्रा बारुला ने कहा कि पुरोहित माता मालती देवी की स्मृति में 22 जून को 11 बजे शुभारंभ संगीतमय मानसगान सह राम गुणगान व व्याख्यान मंचासिन प्रस्तुति पुष्पांजलि मानस परिवार पलेमा छुरा, विद्या देवी शारदा सम्पूर्ण महिला मानस परिवार, सिंधौरी खुर्द धमतरी, श्री परमेश्वर मानस परिवार, सेम्हरतरा राजिम, जय बरदे बाबा मानस परिवार बेलर एंव संध्याकालिन 7 बजे से कवि सम्मेलन कार्यक्रम जिसमें प्रसिद्ध रचनाकार व कवि मिर अली मिर जी सारागांव रायपुर का नदा जाही का रे को सुननें साथ मे सुरेन्द्र आगी महासमुंद, कृष्ण कुमार भारती भिलाई, विरेन्द्र तिवारी वीरू डोंगरगढ़, गजपति साहू, कोड़ेमा बालोद सहित स्थानीय कवि का काव्यपाठ होगें। कार्यक्रम को सफल बनाने व तैयारी मे भगवताचार्य त्रिभुवन महाराज, रानी मिश्रा, शांति बाई,लोकेश मिश्रा, निधि मिश्रा शिव, कांति बाई, गुलाब यामिनी, देवेन्द्र, नंदिनी सुनील, मोनू, वर्षा, कुमकुम, नारायण, सुमन मिश्रा इत्यादि शामिल हैं।



## गणमान्य नागरिकों ने किया योगाभ्यास



**नवापारा-राजिम।** योग दिवस के अवसर पर नवापारा शहर के रायपुर रोड स्थित बड़े गार्डन में बड़ी संख्या में योग करने के लिए गणमान्य नागरिक पहुंचे। जिसमें सुखासन, सिद्धासन, पद्मासन, बज्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, हस्तपादासन, उष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, पवनमुक्तासन के साथ भस्त्रिका, कपाल भाती, अनुलोम -विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम किया। इस दौरान नगर पालिका नवापारा के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, भाजपा नेता किशोर देवांगन, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, संजीव सोनी, धीरज साहू सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## युवक की मौत से परिवार व गांव में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



समीपस्त ग्राम रजनकटा निवासी डोमन ध्रुव का फिंगेश्वर–महासमुंद मुख्य मार्ग में सरगोड़ के पास गुरूवार दोपहर कार और बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई थी। हादसे में बाइक सवार एक युवक डोमन ध्रुव पिता स्वर्गीय मनकर ध्रुव उम्र 40 वर्ष ग्राम रजनकटा (पाण्डुका) निवासी की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं दूसरा युवक रिखी राम विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय पहलाजी राम विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल भिजवाया गया था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद कार चालक कार लेकर थाना पहुंच गया था। जानकारी से पता चला की डोमन ध्रुव महासमुंद मे रहकर मजदूरी मिस्त्री का काम करता था और उसका पूरा परिवार उसके गृह ग्राम रजनकटा मे ही ⏭ शेष पेज 10 पर

# अभनपुर-नवापारा सड़क निर्माण 40 % बांकी, टोल टैक्स से सफर होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम।



■ पिपरौद में टोल नाका प्रस्तावित

राजधानी रायपुर से अभनपुर 27 किलो मीटर दूर और अभनपुर से देवभोग-उड़ीसा हाइवे 130 को जोड़ने वाले मार्ग पर 28 किलो मीटर कुर्रा से राजिम पुल 5 किलो मीटर छोड़कर का काम हो रहा है, मगर कछुआ चाल से। ये काम पांडुका-पोड़ तक प्रस्तावित है। इस काम को 13 जून 2024 को पूर्ण हो जाना था लेकिन 40 फीसदी काम बचा हुआ है। इस काम को लेकर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कई बार नाराजगी जाहिर किया। लेकिन न तो ठेकेदार व संबंधित विभाग के अफसरो ने ध्यान दिया। नवापारा-अभनपुर के बीच पिपरौद में टोल नाका प्रस्तावित है। जबकि अभनपुर से देवभोग तक एक भी महानगर या बड़ा शहर नहीं है। यह मार्ग सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाला मार्ग है। इस मार्ग में टोल प्लाजा बनाने का औचित्य समझ से परे है। यदि टोल प्लाजा बनेगा तो क्षेत्र के लोगों के ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ेगा। क्योंकि इस मार्ग से ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। राजिम से रायपुर के लिए 70 महानगरीय बस सेवा और देवभोग से रायपुर 25 की संख्या में बड़ी बस चलती है। इस रोड पर सफर करने वाले बस, कार और अन्य चारपहिया वाहनों को भी आर्थिक रूप से बोझ पड़ेगा। बता दें कि इतनी बड़ी सरकार की योजना के बावजूद कार्य का विस्तृत विवरण जिसमें योजना का नाम, एजेंसी का नाम, अनुबंध का तरीका आदि का कोई भी बोर्ड नही लगाया गया है। जानकारो के मुताबिक यदि कोई कार्य स्वीकृत होता है तो तमाम जानकारी संबंधी बोर्ड रास्ते में लगाए जाने का प्रावधान है जिसमें ठेकेदार का नाम, कार्य की अवधि और लागत संबंधी जानकारी रहता है। जिससे पारदर्शिता बनी रहे। परंतु कंपनी ने आज तक किसी भी स्थान पर बोर्ड नहीं लगाया है। जो कि ठेकेदार की लापरवाही व विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। राजधानी रायपुर के लिए ⏭ शेष पेज 10 पर

टेंगनाबासा के हितग्राही का नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल

# शुकवारी बाई का पीएम आवास आश्वासन में अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

प्रशासनिक के उदससीनता के चलते आम जनता व गरीब परिवार को उनका असल लाभ पहुंचाने धरातली स्तर पर देखने को नहीं मिलता है। ठीक ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में ग्राम पंचायत टेंगनाबासा के आश्रित ग्राम रावणाभाठा की एक गरीब परिवार के सदस्यों की देखने को इन दोनों मिल रहा है, जहां मौसम के मार को सहते हुए लगभग 10 x 10 के एक छोटे से झोपड़पट्टी में 6 लोगों के पूरे परिवार के साथ बड़े ही तंग हालत में अपने जीवन का निर्वहन कर रहे हैं। जहां उनके लिए शासन के द्वारा ना ही पानी की व्यवस्था है और ना कोई अन्य व्यवस्था निवास स्थल पर देखने को नजर नहीं आया। ऐसे में गरीब परिवार की 74 वर्षीय बुजुर्ग शकवारी बाई साहू ने केन्द्रीय शासन की ओर से चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अपने पक्के आवास के लिए कई बार प्रयास कर थक चुकी है। उन्होंने कहा कि उन्हें असल हक प्रदान किया जाए।



### नाम प्रतिक्षा सूची में अंकित है

इस मामले पर ग्राम पंचायत टेंगनाबासा के सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने बताया की शुकवारी बाई का आवास निर्माण का सपना बहुत ही करीब आ चुका है उनका नाम प्रतिक्षा सूची में अंकित है, उन्हें जल्द ही उनका पक्का मकान प्राप्त होगा। मगर बुजुर्ग व उनकी परिवार के अनुसार इस प्रकार का आश्वासन वे न जाने कितने सालों से ही सुनता आ रही है लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है।

### कबीर जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस आज

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने 22 जून को कबीर जयंती के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 22 जून को जिले के सभी देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं मद्यभण्डागार बंद रखने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय - विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण करने के निर्देश दिए है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### बच्चे के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं पिता

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सेलीब्रेशन प्लाजा में फादर्स डे के उपलक्ष्य में पापा है तो मुमकिन है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा कि पिता का बच्चे के जीवन में महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता न केवल परिवार के मुखिया होते हैं, बल्कि वे बच्चे के पहले आदर्श, मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं। उनके बिना बच्चे का विकास अधूरा रह जाता है। पिता अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से बच्चे को जीवन के संघर्षों से जूझने की क्षमता सिखाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मुकेश शाह, जयेंद्र नारंग, भाजयुमो नेता पन्ना दुबे एवं ज्यूरी के रूप में मधु फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता पांडे, सचिव मोनिका साहू के साथ डॉ. संयुक्ता गांधी मौजूद रहीं।

### कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पटवारी-पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को ग्राम भरेंगा में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उचित मूल्य की दुकान में जाकर चावल, शक्कर और नमक के वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान वहां कुछ ग्रामीणों ने पटवारी और पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होने और जनता के कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

### स्कूलों में विषयवार हो शिक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मिडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन आज पर्यंत मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रह गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू की जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है। श्री पॉल का कहना है कि कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता है।

### बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** बस्तर की जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है। विभाग द्वारा गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि बस्तर में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहने के दौरान उनके द्वारा सूखा राशन का क्रय नियम विरुद्ध किया गया। इसकी शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई थी। जांच में शिकायत के सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर निर्धारित किया गया है।

# अनूपपुर से कटनी के बीच बिछाई 97 किलोमीटर तीसरी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई लाइन का विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है। गुरुवार को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य पूरा किया गया। इस कार्य के लिए रेलव ने 18 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया था। नान इंटरलाकिंग से रेलखंड पर 97 किमी तीसरी लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा।

रेलवे की यह तीसरी लाइन ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ाएगी और सेक्शन की क्षमता भी बढ़ेगी। भारतीय रेलवे अभी अधोसंरचना से जुड़े कार्यों पर फोकस कर रहा है। यह कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में चल रहा है। इसमें अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निर्माण भी शामिल है। इस कार्य के अंतर्गत घुंघुटी एवं मुदरिया स्टेशनों के मध्य 11 किलोमीटर रेल लाइन के तिहरीकरण कमीशनिंग कार्य के लिए मुदरिया स्टेशन में नान-इंटरलाकिंग का कार्य 13 जून से शुरू हुआ है और 20 को पूरा किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से अनूपपुर-कटनी के मध्य लगभग 97 किमी तीसरी लाइन हो जाएगी।

- 20 जून को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का काम हुआ पूरा
- अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य चल रहा 165.52 किमी नई तीसरी लाइन का निर्माण कार्य

### 68 किमी के बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन की पारी



### बड़ी मशीनों का कर रहे उपयोग

लाइन बिछाने का कार्य जितनी जल्दी पूरा हो जाए, इसके लिए रेलवे कर्मचारियों के साथ मशीनों का भी उपयोग कर रहा है। वर्तमान में टी-28, यूनिमैट एवं ड्यूमैटिक जैसी बड़ी मशीनों से कार्य कराया जा रहा है। अनूपपुर से कटनी रेल लाइन के तिहरीकरण हो जाने के बाद इस सेक्शन में क्षमता में और वृद्धि होगी, ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ेगी और अधिकाधिक ट्रेनों के परिचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसका सीधा लाभ इस अंचल के यात्रियों को होगा।

### जल्द चौथी लाइन का काम होगा शुरू

इस बेहद महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण कार्य को करने के लिए रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द और परिवर्तित किया है। इससे यात्रियों को परेशानी भी हो रही है, लेकिन जब यह पूरा हो जाएगा इसका सबसे बड़ा लाभ आम यात्रियों को ही मिलेगा। रेलवे दिन रात कार्य करा रहा है, ताकि समय पर पूरा हो सके। अभी बिलासपुर रेल मंडल ही नहीं, बल्कि जोन के तीनों मंडल में रेल लाइनों के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। इसके बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन बनाई जाएगी। इससे ट्रेनों के परिचालन की गति की बढ़ेगी।

### बिरगांव निगम की एमआईसी ने सरोकार को लेकर की चर्चा और दी सहमति

# घटते भू-जल को दुरुस्त करने सर्वे सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घटते भू-जल को दुरुस्त करने के लिए बिरगांव निगम की एमआईसी ने अहम निर्णय लिया है। इस सीजन में निगम के 40 वार्डों में मौजूद 800 बोर का सर्वे किया जाएगा। जिस क्षेत्र में बोर सूखने की शिकायत गर्मी में रहती है। ऐसे अलग-अलग क्षेत्र के 100 बोर में पहले फेज में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की प्लानिंग पर काम शुरू होने वाला है। सर्वे के बाद भूमिगत जल की बेहतरी के लिए प्रत्येक बोर पर करीब 15-15 हजार रुपए खर्च करने की तैयारी है।

हरिभूमि सरोकार

औद्योगिक क्षेत्र से सटे बिरगांव निगम के उरला, अछोली, बिरगांव, रावांभाठा, सरोरा और उरकुरा की अलग-अलग बस्तियों में निगम ने 800 से ज्यादा बोर करवाए हैं। इनमें 400 से ज्यादा बोर हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। इससे आस-पास के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इसे देखते हुए एमआईसी ने निर्णय लिया है कि हर साल 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इससे सामान्य दिनों में ही नहीं बल्कि गर्मी में भी बोर से निकलने वाले पानी को हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसे लगाने से पहले सूखने वाले बोर को प्राथमिकता देने की तैयारी है। इसके लिए जल प्रदाय विभाग की टीम ऐसे बोर का चिन्हांकन करेगी, जो सूख जाते हैं।

### हैंडपंप भी लगाने का प्लान

निगम के इंजीनियर्स व प्रतिनिधियों के माध्यम से ऐसे बोर का भी चिन्हांकन किया जाएगा, जहां पर मोटर लगे हैं। इससे पानी की बर्बादी होती है। ऐसे बोर से मोटर निकालने के बाद उनमें हैंडपंप की तरह उपयोगी बनाया जाएगा। इसके साथ ही वहां वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाएगा। यह प्रक्रिया जन महीने से ही शुरू की जाएगी। ऐसा इसलिए किया जाएगा, ताकि वर्षा जल के साथ ही बोर के बूंद-बूंद पानी को संचित किया जा सके।




### वाटर हार्वेस्टिंग लगाएगी एजेंसी

एमआईसी में निर्णय के बाद जल संरक्षण के लिए पहले फेज में सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का प्लान तैयार हुआ है। सर्वे के बाद एजेंसी को इसे लगाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने प्रत्येक बोर पर 12 से 15 हजार खर्च होगा।

- **इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### करीब 15 लाख होगा खर्च

निगम सूत्रों ने बताया कि जिस-जिस क्षेत्र के बोर का चिन्हांकन किया जाएगा। ऐसे 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की प्रक्रिया पर हर बोर के लिए करीब 15 हजार रुपए तय किया जाएगा,यानी भूमिगत जल की बेहतरी के लिए इस बरसात में ही 15 लाख से ज्यादा खर्च किया जाएगा। इस प्रक्रिया को हर साल करते हुए सभी सार्वजनिक बोर का जल जो बाहर फेका जाता है, उसे संरक्षित करने की तैयारी है, जुलाई में काम शुरू होगा।

# पंचायत के सांस्कृति भवन में लोगों ने किया योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शुक्रवार को विश्व योग दिवस पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के सांस्कृतिक भवन में मुख्यकार्यपालन अधिकारी संतोष विश्वकर्मा के निर्देशन में योग दिवस मनाते हुए नागरिकों ने योगा किया। कार्यक्रम का प्रारंभ नगर पचायत अध्यक्ष जगदीश यादव एवं वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित अन्य अतिथियों के द्वारा भारत माता की पूजा अर्चना कर किया गया। योगा को लेकर भूमिका बांधते हुए सीएमओ संतोश विश्वकर्मा ने कहा कि आज 21 जून है। जिसे विश्व योगा दिवस के रूप मे मनाते हैं। इस दिवस को लेकर आज हम सभी एकत्रित हुए हैं। इस दिवस को लेकर शासन का स्पष्ट निर्देश है कि योग क्रिया मानव जीवन को रोग से दूर करने का एक उपाय हैं जिसको हम सभी के जीवन मे अपने जीवन मे रोज प्रयोग करते रहना है। करो योग रहो निरोग।वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित ने कहा कि हमारे प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता मे ऋशि मुनियो के द्वारा योग किया जाता रहा है यह हमारी प्राचीन कला है। योग जीवन के लिए आवश्यक है। योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है।अपने जीवन को खुशहाल करने के लिए सभी समय निकालकर योग क्रिया अवश्य ही करें। नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि नगर सहित गांव गांव के लोग योग कर निरोग रहे। इसे भोजन के भांति अपने जीवन मे उतारकर नित्य अपनाकर योगा अवश्य ही करें। सांस्कृतिक भवन के हाल में योगाचार्य के द्वारा योगा के बहुत से आसन किये गये जिसमें लोग शामिल होकर योग किये और विश्व योग दिवस को सपोट किया। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने योग कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम में योग को लेकर प्रोजेक्टर की व्यवस्था भी की गई थी। योग करने वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, वरिष्ट भाजपा नेता पूनम यदु, रामूराम साहू, पार्षद अनिल चंद्राकर, राजू साहू, बसंत गुप्ता सहित नगर के नागरिक उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पताल के स्टॉफ ने किया योग...



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के सरकारी अस्पताल प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तेजेंद्र साहू की मौजूदगी में स्टॉफ ने योग किया। डॉक्टर तेजेंद्र ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं, योग करें, इसे अपनी आदत बनाएं।

## सांसद चौधरी ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**मैनपुर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मैनपुर पहुंची। इस दौरान ग्राम हरदीभाठा के वरिष्ठ नागरिक एंव वरिष्ठ व्यवसायी महेन्द्र साहू की पुत्री कुमारी कशिश साहू 19 वर्ष का पिछले दिनों निधन होने की खबर लगते ही उनके शोकाकुल परिवार से मिलने ग्राम हरदीभाठा पहुंची और कुमारी कशिश के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की। साथ ही परिवार को इस दुख के घडी में ईश्वर से दुख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, महामंत्री दिलीप साहू, महेश कश्यप, तुलसी राठौर, मनोज निर्मलकर, हरीश यादव, दिनेश सचदेव, बिसेसर सिक्का सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रीसत्संग मानस मंडली के सदस्यों ने की सांसद रूपकुमारी से मुलाकात



**गरियाबंद।** सत्संग मानस मंडली गरियाबंद के सदस्यों ने नवनिर्वाचित सांसद रूप कुमारी चौधरी से प्रथम शहर आगमन पर सौजन्य मुलाकात की। बुके एवं श्री फल भेंट कर 1 दिसंबर से 9 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाली राम कथा के लिए आमंत्रित किया। सांसद ने उक्त कार्यक्रम में अवश्य आने का आश्वासन दिया। विदित हो कि आने वाले दिसंबर में गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजनकर्ता श्री सत्संग मानस मंडली गरियाबंद एवं कथा वाचिक मानस विदुषी देवी चंद्रकला अयोध्याधाम होंगी। मुलाकात करने वालों में दशरथ लाल सिन्हा,मनोज खरे, दौवा राम कुंभकार, सोनाऊ राम यादव,जोहत राम यादव, गैंद लाल सिन्हा,गोपाल सिन्हा,संतोष ध्रुव आदि प्रमुख थे।

## महापौर और एमआईसी सदस्यों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**रायपुर।** राजधानी के तात्यापारा चौक से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात की। इस दौरान बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा देने और तत्काल कार्य शुरू कराने आग्रह किया। श्री ढेबर ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 137 करोड़ की स्वीकृति तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए दिलवाई थी। इसके बाद भी आज तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ। राजधानी के जीई मार्ग में तात्यापारा चौक से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से राजधानी वासी परेशान हैं। नागरिकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ दोपहर बाद प्रदेश के मुख्य सचिव से मुलाकात करने पहुंचे ।

## निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने एक से अमित करेंगे आमरण अनशन

**रायपुर।** बलौदा बाजार की घटना को लेकर जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के 1 जुलाई से आमरण अनशन की घोषणा के बाद सतनामी समाज एवं पार्टी से जुड़े लोगों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा, सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुघासीदास के नाम से करने के लिए बलौदाबाजार में न्याय के लिए आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है। जोगी निवास सिविल लाइंस में बैठक कर श्री जोगी ने कहा, सतनामी समाज के साथ बलौदा बाजार घटना कांड में अन्याय हुआ है।



## सांसद रूपकुमारी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

**छुईहा बेलर।** नवनिर्वाचित महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी का शुक्रवार को गरियाबंद में प्रथम आगमन पर सेंदर, बोड़की, बिजली, सिर्रीखुर्द, चरभट्ठी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। जिससे सरपंच बोड़की रामजी साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, पूर्व सरपंच बिजली मोतीराम निषाद, जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेंद्र निषाद, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# जलभराव, नालों की सफाई कराने जोन में हुई बैठक

- जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव ने पार्षदों से की चर्चा
- पौधारोपण अभियान, उद्यानों के रखरखाव के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 6 कार्यालय में जोन अध्यक्ष निशा देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को जलभराव, नालों की सफाई सहित वार्डों के विकास कार्य को लेकर बैठक ली।

जोन अधिकारियों के साथ ही 7 वार्ड के पार्षद इस बैठक में शामिल रहे। जोन अध्यक्ष ने पार्षदों से वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की और उनसे सुझाव मांगे। बारिश में जलभराव की समस्या और नालों की सफाई करवाने निशा देवेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जोन के वार्डों में उद्यानों के समुचित रखरखाव करने सहित बगीचों की लाइट को तत्काल दुरुस्त करवाकर प्रकाश व्यवस्था की सुविधा कायम करवाने के निर्देश दिये। जोन अध्यक्ष ने जोन के 7 वार्डों में मानसून के दौरान खाली स्थानों पर सुरक्षित रूप से पौधारोपण अभियान पार्षदों की अगवाई में सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। नालों एवं नालियों की तले तक सफाई करवाने के की हिदायत इस दौरान जोन अधिकारियों को दी गई। जोन अध्यक्ष ने जोन में स्वीकृत होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हुये विकास कार्यों को तत्काल प्रारंभ करवाकर मॉनिटरिंग करवाने निर्देश दिये। बैठक में एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, पार्षद सरिता वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जयमोहन साहू, अभिषेक धनगर, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संदीप ने कहा- मोदी सरकार ने आते ही किसान हित में ऐतिहासिक फैसले लिए

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने धान समेत कृषि उत्पादों के बढ़े हे नए समर्थन मूल्य की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने खरीफ की फसलों के समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। धान के समर्थन मूल्य में भी बहुत अच्छी बढ़ोतरी की गई है और इससे देश के साथ-साथ प्रदेश के किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। श्री शर्मा ने कहा कि जहां तक सवाल है दलहन और तिलहन के दामों का, तो तिलहन के दामों में 983 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई है, यह अपने आपमें एक अकल्पनीय बढ़ोतरी है।

## पेज 9 के शेष...

### अमलीपदर सुखा नदी...

माह में ठेकेदार ने बनाए जाने वाले 5 पिलर में एक भी खड़ा नहीं कर पाया। केवल दो एबर्टमेंट ही खड़ा हो सका है।

**रि–टेंडर की प्रकिया जल्द शुरू की जाएगी: एसडीओ-** इस मामले में एसके पंडोल एसडीओ पीडब्ल्यूडी सेतु शाखा ने कहा, निर्माण में विलंब के कारण ठेका निरस्त कर दिया गया है। मूल्यांकन कर बचत कार्य के लिए रि–टेंडर की प्रकिया जल्द शुरू की जाएगी।

**ग्रामीणों की समस्या अभी वर्षों ऐसी ही चलेगी-** मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर क्षेत्र और ओडिसा को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है लगभग 100 से ज्यादा पारा टोला ग्रामों के हजारों ग्रामीण ब्लॉक एंव जिला मुख्यालय आने इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। बरसात के दिनों में ज्यादातर समय आवाजाही प्रभावित होती है। स्कूली बच्चों से लेकर कारोबारी तक को इस बाधित आवागमन से जूझना पड़ता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद से सूखे नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग के लिए दो दशकों तक क्षेत्र के लोगों ने संघर्ष किया था। धरना प्रदर्शन, रैली के बाद इस नाले पर उच्च स्तर पुल निर्माण की मंजूरी मिली थी। काम में देरी व नए सिरे से प्रक्रिया के चलते क्षेत्रवासियों को अब दो साल और इंतजार करना पड़ेगा।

### गबन के...

अनावेदिका कौशिलया बाई नागेश, पति स्वर्गीय जयलाल नागेश, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम दाबरीगुड़ा ग्राम पंचायत दाबरीगुड़ा तहसील अमलीपदर खिलाफ 4 चार लाख 45 हजार रूपये के ग्राम पंचायत की निर्माण राशि गबन का प्रकरण विचाराधीन है। वहीं वह पेशी से लगातार अनुपस्थित थी। उक्त अनावेदक सुशीला बाई को महिला आरक्षक शालिका खुटे, थाना मैनपुर एवं राजू साहू, आरक्षक थाना अमलीपदर के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष में प्रस्तुत किया गया। अनावेदक से प्रकरण में राशि जमा करने को कहा गया तो उनके द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई तथा पूछताछ करने पर गोलमाल जवाब दिया गया है। जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही भविष्य में अन्य विचाराधीन प्रकरणों में भी जेल भेजे जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### युवक की मौत से...

रहता है। बीच- बीच में गांव परिवार का हाल-चाल और खर्चा पानी देने तथा राशन सामग्री लेने के नाम से आया करता था। घर में उसकी बूढ़ी माँ, उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं, कल भी वे राशन चावल लेकर वापस काम में जा रहा था की अचानक सरगोड़ के पास हादसा हो गया अपने परिवार का एक मात्र काम करने वाला था। पोस्टमार्टम के पश्चात उसका शव गृहग्राम लाया गया एवं उनका गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल फिंगेश्वर पुलिस जांच में जुटी हुई है।


### अभनपुर-नवापारा...

जाने वाले सभी लोग इसलिए हलाकान है क्योंकि बीच-बीच में कइयो प्वाइंट को ठेकेदार ने छोड़ रखा है। अभनपुर से कठिया मोड़ तक काम ही शुरू नहीं हुआ। इसी तरह ठेलकाबांधा मोड़ में भी लगभग एक किलोमीटर का रोड ऐसे ही पड़ा हुआ है। डोंगीतराई के पास लगभग आधे किलोमीटर से भी ज्यादा की सड़क बची हुई है। जो कि पूर्व की स्थिति से भी बदतर हालत में छोड़ दी गई है। चूंकि बरसात का मौसम है इस छोड़े हुए प्वाइंट पर लोग दुर्घटना के शिकार हो सकते है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए संबंधित ठेकेदार व अधिकारी को फोन लगाया गया तो फोन रिसीव नहीं किया।

### खेत में झूल रहे...

दिन टाल रहा है। अधिकारी एवं कार्मिकों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में उन्होंने जिला प्रशासन सहित बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से बिजली के झूलते तारों को सही करवाने की मांग की है, जिससे उसे राहत मिल सके। और खेती किसानी का काम सुचारू चल सकें। विद्युत वितरण केन्द्र फिगेंश्वर जेई ने कहा फाल्ट की शिकायत और भी है। कर्मचारी खाली होने पर सुधार करेगें।

खबर संक्षेप



## खैरझिटी स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला खैरझिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के संबंध में ग्राम पंचायत खैरझिटी के सरपंच सियाराम धुरव द्वारा योग के गुणों के बारे में लोगो को जानकारी देते हुए नियमित रूप से योग को जीवन में उतारने की बाते कहीं गई।इसके साथ ही संस्था प्रमुख दिनेश कुमार सोनी के द्वारा योग से शरीर को कैसे स्वस्थ बनाया जा सकता है इस विषय में प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। उक्त अवसर पर उपसरपंच नंदलाल ध्रुव, पंच चंद्रशेखर ध्रुव, मीनाक्षी पटेल, हुलसी साहू, एसएमसी अध्यक्ष सीताराम ध्रुव, शिक्षिका अंजू वैष्णव, दिलीप साहू, दयानंद साहू, तुलसी ध्रुव, जागेश्वर साहू, यादबती साहू, गीता पटेल, अश्वनी दीवान, लीला दीवान, रिखीकांत दीवान एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## परसदा के अमृत सरोवर में मनाया गया योग दिवस



नवापारा-राजिम। परसदा के अमृत सरोवर में ग्राम पंचायत सचिव रामचंद्र रोजगार सहायक माधुरी साहू, टीकू यादव, योगेश यादव, विनोद सेन, कार्तिक यादव, आसाराम, आरती तारक, खेमिन तारक, सेवती आदि ने योग किया।

## योग भारत की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति की पहचान : हेमलता



**रसेला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को सुबह से बारिश के कारण लोगों ने अपने घर पर ही योग दिवस मनाया गया। रसेला क्षेत्र के जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव योग दिवस के आयोजन को लेकर कहा की योग भारत की सभ्यता, संस्कृति की पहचान है। योग स्वस्थ रहने की कला है। जो भारत के ऋषि मुनियों ने वर्षों की तपस्या और अनुसधान के पस्चात संपूर्ण मानव जाति को सुखी रहने के लिये दिया हैं। महर्षि पतंजलि द्वारा चरित योग सूत्र के माध्यम से आज संपूर्ण विश्व योग कर अपने जीवन का संतुलित कर रहा है। भारत में योग का इतिहास 2000 वर्ष पुराना माना गया है। भारत में स्वामी विवेकानंद ने योग शुरुआत बहुत पहले कर दी थी।

**योग दिवस :** एक विश्व एक स्वास्थ की थीम पर फणीकेश्वरनाथ कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

# योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए कारगर उपाय : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना, इंडियन यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं नैक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में एक दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रचार्य प्रो. श्वेता मिश्रा ने स्वयं सेवकों एवं छात्र–छात्राओं को योग का महत्व बताया तथा नियमित योग करने का बात कही। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.देवादास बंजारे ने योगा को नियमित रूप से अपने जीवनशैली में योग को सम्मिलित करने का शपथ दिलाया गया, उन्होंने ने बताया कि योग व्यक्ति के संपूर्ण मानसिक,शारीरिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अतिआवश्यक हैं। प्रो. रितेश गोलक्षा ने योग के महत्त्व के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि योगा सभी प्रकार के शारीरिक मानसिक विकारों से मुक्ति पाने का साधन है।



नियमित योग करने से अपने आप में एक अलग स्फूर्ति एवं मानसिक शांति प्राप्त करते हैं।इस अवसर पर उपस्थित पूर्व दलनायक चितेश्वर साहू ने योग के वाई ब्रेक की अवधारणा,डी स्ट्रेस,री फोकस,रिफ्रेश और अष्टांग योग पर वृस्तृत जानकारी सभासदों के मध्य से साझा की।

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रलय एवं छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर विविध क्रियाकलापों योग प्रदर्शन एवं योग व्याख्यान, योग पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, छात्र- छात्राओं के बीच योग प्रर्दशन प्रतियोगिता और योग दिवस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमशः धनेश्वरी साहू एवं डिगेश्वरी साहू, सोहद्रा सिन्हा एवं रुपेश्वरी साहू, नीतू साहू एवं वीनिशा साहू तथा पुरुषोत्नेतम साहू एवं यश ध्रुव क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किये। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था प्रमुख द्वारा कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व दलनायिका खेमलता सोनकर, मनिषा साहू, बिनेश्वरी धृतेश, दलनायक पुरुषोत्तम यादव, दलनायिका दुर्गा साहू, दिवा संगठक यश ध्रुव, ज्ञापन संगठक सोहद्रा सिन्हा, रुपेश्वरी साहू सहित टोमिन साहू, नोमेश्वरी साहू, रेवतीरमन साहू, टोमेश्वरी साहू, हिमांशी भारती, लोकेश्वरी साहू, रेशमी कुर्रे, तेजेश्वनी ध्रुव, साक्षी साहू, फनेश्वरी साहू एवं महाविद्यालय के स्टाफ तीरथ राम कपूर, डॉ.अल्का कौशिक, बलराम नागवंशी, विशाल ठाकुर एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थिति थे।

## बच्चों को बांटा गया अंकुरित चना



**गरियाबंद।** जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देशानुसार तथा संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अतरमरा संकुल केंद्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों में योग अभ्यास एवं प्रदर्शनी किया गया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अतरमरा संकुल के अंतर्गत सभी प्राथमिक शाला अतरमरा,रजनकटा, कुरूद,खट्टी, कुम्हरमरा, दीवना, एवं माध्यमिक शाला दीवना अतरमरा, रजनकटा, कुरूद में योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन किया गया था। सभी विद्यालय में प्रातः 7:00 से विद्यालय के विद्यार्थियों जनप्रतिनिधियों पालक ग्रामवासियों के द्वारा योग किया गया तथा इसकी महत्व को बताया गया। वहीं योग करने के बाद सभी विद्यालयों में बच्चों को अंकुरित चना वितरित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी देवांगन ने कहा कि हमें नियमित प्रतिदिन योग और व्यायाम करनी चाहिए। जो व्यक्ति योग को प्रतिदिन करते हैं उनके जीवन सुखमय आनंद पूर्ण रहता है।उन्हें अस्पताल के चक्कर लगाने नहीं पड़ता। आप सभी विद्यार्थी योग ध्यान प्रतिदिन किया करें ताकि पढ़ाई में भी ध्यान एकाग्र हो सके। इस अवसर पर संकुल समन्वयक विनोद सिंन्हा ने कहा कि योग ध्यान करने से मनुष्य की मानसिक विकास होता है। प्रतिदिन योगा करने से मनुष्य तनाव मुक्त जीवन जीने लगता है। आधुनिक युग में देखते हैं। हर मनुष्य किसी ने किसी कारण से चिंता ग्रस्त,मानसिक तनाव में रहता है। अगर आप प्रतिदिन योग ध्यान करते हैं तो आपकी मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेगा। सभी चिंताएं मुक्त हो जाएंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में अतरमरा से खेमलाल यादव, रुपराम साहू,केदार हिरवानी,रजनकटा से आर.सी.ध्रुव, मानिक साहू,धनेश्वरी मुरचुलिया, चेतन ध्रुव, गोदावरी साहू, ताम्रजध्वज साहू, कुरुद से जेबीचक्रवर्ती, रेणुका देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, मुन्ना पटेल, सीमा नेताम, दीवना से डीके मेहरा, पवनु ध्रुव, गौतम साहू, कुम्हरमरा से टेमन ध्रुव, खट्टी से नोहेश्वरी ध्रुव, प्रहलाद यदु आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों को योग करने हेतु प्रेरित किया गया।





## विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने किया योग

**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया गया। राजिम मुख्यालय सहित समूचे क्षेत्र में चारो तरफ का वातावरण योग ही योग का रहा। राजिम के मंगल भवन में विधायक रोहित साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर सहित नपा के सभापति, पार्षद, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## तामासिवनी स्कूल में योगा का हुआ आयोजन

नवापारा-राजिम। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामासिवनी में चम्पारण, तामा सिवनी मंडल एवं विद्यालय के बैनर तले संयुक्त रुप से योगासन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोग विभिन्न मुद्राओं में सामुहिक रुप से योगासन किए। इस अवसर पर योग प्रभारी एवं भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक योग दिवस मनाने का प्रस्ताव किया जिसे 11 दिसम्बर 2014 को 177 देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने अपना समर्थन देकर प्रस्ताव को पारित किया। 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रथम बार मनाया गया। आज 10वें बरस है। चूंकि उत्तरी गोलार्ध में आज वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं और सुर्य देव आज ही दक्षिणायन की ओर प्रवेश करता है जो योग और अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए आज के दिन योग दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, दिलीप यदु, प्राचार्य शीला तौलानी, व्याख्याता रचना बुलवानी, फिरंता राम देशलहरा योग प्रशिक्षक द्वय विनय पटेल बलदाऊ सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक भास्कर साहू, रामगोपाल साहू, नितेश वाडेगावकर, ओमप्रकाश साहू, ज्ञानेंद्र मिश्रा, रामगोपाल साहू, लक्ष्मी चन्द्राकर, सुरभि मिश्रा,



### प्रधान पाठक ने बच्चों को दी योग करने की सलाह



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाला प्रांगण में योगा व्यायाम का कार्यक्रम रखा गया। शाला के प्रधान पाठक नन्द कुमार सिन्हा ने योग के महत्व बताते हुए रोज योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष सोहन वर्मा, सरपंच लीला देवांगन, सचिव केके यदु, शेष नारायण वर्मा, खोमिन वर्मा, गायत्री वर्मा, मीना ध्रुव, गणेश कुम्हार ,चंद्रिका साहू, स्कूल के बच्चे, पीएन वर्मा मौजूद थे।

# क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर नवापारा भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा और वरिष्ठ पार्षद प्रसन्न शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नवापारा सीएसबीई प्रमुख एसके गुप्ता से मुलाकात की। इस समस्या से अवगत कराते हुए इस ओर सुधार की मांग की है। ज्ञापन में लिखा गया हैं कि लगातार विद्युत कटौती से नगरवासी काफी आक्रोशित हैं, जिसके चलते कभी भी आंदोलन हो सकता है ऐसे में विभाग इस ओर ध्यान दें और समस्या का त्वरित समाधान कर लोगों को राहत प्रदान करें। ज्ञापन सौंपने वालो में नवापारा भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, मुकुंद मेश्राम, सिंटू सौरभ जैन,संजय साहू, राजू रजक, अंकित मेघवानी,अनुज राजपूत ,युवराज यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।



शीतलापारा वार्ड क्र. 20 /21 के निवासियों ने शुक्रवार को अघोषित विद्युत कटौती से परेशान होकर कार्यपालन यंत्री एसके गुप्ता से मुलाकात कर इसकी शिकायत की और उन्हें इस समस्या से निदान के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मोहल्लेवासियों बताया कि अघोषित विद्युत कटौती से वे काफी परेशान हैं। दिन और रात में कभी भी अनेको बार होने वाली अघोषित विद्युत कटौती से घर में छोटे-छोटे बच्चों सहित बड़ों को भी काफी दिक्कतें होती हैं। साथ ही रात के अँधेरे में सांप बिच्छू का भी खतरा बना रहता है। शीतलापारा फीडर को नगर के मुख्य सप्लाई से जोड़ने की मांग किया गया। समस्या का समाधान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिस पर कार्यपालन यंत्री श्रीगुप्ता ने मोहल्लेवासियो की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए इसका त्वरित समाधान करने की बात कहीं। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से सौरभ शर्मा मुकुंद मेश्राम, नागेंद्र वर्मा, पूनम दास मानिकपुरी, किशोर साहू, विरेन्द्र साहू, देशमुख, राकेश सिन्हा, राजू रजक, बिशेषर हिरवानी, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

**राजिम में आदिवासी नगारची समाज का दो दिवसीय अधिवेशन**

# शिक्षा को हथियार के रूप में माने बच्चों को खूब पढ़ाएं : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के यादव धर्मशाला में आदिवासी नगारची समाज का दो दिवसीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि आदिवासी नगारची समाज छोटा जरूर है, मगर बहुत ही समृद्ध, शिक्षित, जुझारू एवं संगठित है। ये समाज आदिवासी परंपरा संस्कृति और जमीन से जुड़ा हुआ समाज है। समाज के लोग संगठित रहें,अपनी बात को पूरी ताकत से कहें। शिक्षा को हथियार के रूप में मानते हुए बच्चों को खूब पढ़ाएं। श्री नेताम ने कहा कि यह एक ऐसा समाज है जो विरासत में मिली अपनी संस्कृति को संभालकर रखा है, इस पर हमें गर्व है। उन्होंने छत्तीसगढ़िहा नगारची आदिवासी समाज के पोस्टर का विमोचन किया।

इसके पहले कार्यक्रम का प्रारंभ आदिवासी समाज के गायता पुजारी ने समाज के ईष्टदेव बढ़ादेव, बुढ़ादेव की पूजा अर्चना किया। आदिवासी संस्कृति रेलापाटा नर्तक दल द्वारा राजिम नगर भ्रमण कर सभास्थल पर देव स्थापना की गई। सभास्थल पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पीला गमछा पगड़ी पहनाकर



अभिनंदन किया गया। नगारची समाज द्वारा रात्रिकालीन महासभा में समाज के संचालन के अनेक प्रकार के सामाजिक नियम कानून बनाकर प्रस्ताव पारित किया गया। तथा समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने पर मरणोपरांत स्व. रामप्यारे ग्वाल संस्थापक, स्व. लेखन नगारची, स्व. बी. आर. नगारची अपर कलेक्टर स्व. चंद्रहास नगारची निरीक्षक पुलिस विभाग को श्रद्धांजलि अर्पित कर समाज के द्वारा उनके परिवारजनों को सम्मानित किया गया। हेमन्त महेश्वरी द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध किए गीत का मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनाथ नेताम अध्यक्ष छग आदिवासी नगारची समाज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अकबर राम कोर्राम अध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासभा, विनोद नागवंशी सचिव सर्व आदिवासी समाज, जीवराखन लाल मरई अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी, रुपेन्द्र नगारची पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आदिवासी नगारची समाज, कृष्ण कुमार ठाकुर महासचिव राजाराव पठार, उमेंदी लाल गंगराले कोषाध्यक्ष राजाराव पठार, संतोषी ठाकुर महिला अध्यक्ष राजाराव पठार, कंदर्प, उदय नेताम सचिव सर्वआदिवासी समाज धमतरी, कुलेश्वर छैदेया सचिव सर्व आदिवासी समाज कुरुद, कमलनारायण ध्रुव कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी सहित बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का होता है वास : ध्रुव

**मैनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक भवन में शुक्रवार को सुबह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव सामुहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होकर योग के विभिन्न आसान व प्राणायाम किये योग भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन विद्या है जो शरीर से लेकर मन को नुतन उर्जा और सुद्धी प्रदान करता है। इस दौरान जनक ध्रुव ने योग के बारे में कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है अपने शरीर के लिए एक घंटा समय देना होगा स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का वास होता है। इस मौके पर एसडीएम मैनपुर डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम, नेयाल नेताम, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के सहायक संचालक गोपाल ध्रुव, सवितानंद साहू, मुकेश ठाकुर, डीके शाडिल्य, अशोक ठाकुर, टीकम पटेल, रूपेश साहू, मुकेश साहू, बीएमओं डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुर्वा, मनोज निर्मलकर, विजय रात्रे, नीरज चोखडे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों ने किया योगाभ्यास



**गरियाबंद।** शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों ने शाला की व्यायाम शिक्षिका गंगोत्री साहू के दिशा निर्देश में योगाभ्यास किया। इस मौके पर संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध, (प्राचार्य ) कैलाश कोसरे, धर्मेंद्र कुमार मोर्टल, पुरुषोत्तम लाल साहू, महिमा तिर्की, किरण नंद, वागेश्वरी कुंजाम, देवमाया पाल, सिम्मी विल्सन, माधवी देवी, त्रिलोचना साहू, योगेश्वरी रात्रे, दुर्गेश नंदनी सोनबेर, राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, लोकेश , योगिता, हेमंत एवं संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### परसदाखुर्दा में मनाया गया योग दिवस



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम परसदाखुर्द में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। ग्राम के प्राथमिक स्कूल प्रांगण में सुबह 6 से 8 बजे तक योग किया गया। योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने प्राणायाम, अलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योगासन किए। इस दौरान योगाचार्य हरिश नेताम के द्वारा उपस्थित लोगों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इससे जहां बीमारियां नहीं होती हैं, वहीं व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है।

### तालाब पार में 10 फलदार पौधों का रोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम के युवा भानु साहू, ओंकार साहू, हेमन्त कुमार ध्रुव, गौरव नन्दे, संजय साहू ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं स्वास्थ्य लाभ दायक हेतु गांव तालाब में 10 फलदार पौधा रोपण किया गया।

**योग दिवस :** सांसद रूपकुमारी चौधरी की उपस्थिति में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

# अपनी दिनचर्या में शामिल करें योग, रखें तन मन को स्वस्थ एवं निरोग: सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को गरियाबंद जिले में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम पर विश्व पटल पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों, मीडियाकर्मी, स्कूली बच्चे और आम नागरिकों ने सवेरे 7 बजे से 8 बजे तक योग किया। सामूहिक योग में योग की विशिष्ट क्रियाओं का अभ्यास कराया गया, जिसमें अतिथिगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

■ अधिकारी-कर्मचारियों सहित नागरिकों ने किया योगाभ्यास







### इन्डोर स्टेडियम परिसर में पौधारोपण

योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्री गणेश व सहयोगी योग शिक्षकों द्वारा योग कार्यक्रम में विभिन्न आसन सहित प्राणायाम के तहत कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित अन्य आसन कराए गए और इससे जीवन में होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। जो लोग योग करते है, वें मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते है। योग से मन को शांति मिलती है। वर्तमान समय में जिस स्तर से रोग बढ़ रहे है, उसमें योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग पश्चात अतिथियों द्वारा इन्डोर स्टेडियम परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, राजेश साहू, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे, राकेश गोलछा, उप संचालक समाज कल्याण डीपी ठाकुर, सहित अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने लोगों से आग्रह किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और तन और मन को स्वस्थ एवं निरोग रखें। उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता उपाय है। योग करके हम स्वस्थ रह सकते है। उन्होंने कहा कि भारत में योग आदिकाल से प्रारंभ है और यह ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अनुपम उपहार है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्थक प्रयासों से आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इसलिए इसे दुनियाभर में बढ़ावा देने के लिए हर साल योग दिवस मनाया जाता है।

इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति निरोगी रहकर जीवन व्यतीत कर सकता है। यदि हम स्वस्थ नहीं है तो हम समाज का सेवा नहीं कर सकते। योग करें स्वस्थ रहें तथा देश व समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है।

## योग करने से जीवन के हर क्षेत्र में मिलती है सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी के संयुक्त तत्वावधान में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योगदिवस का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी प्रांगन में प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक चंद्रभूषण के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक सभी बच्चें और शिक्षक मिलकर योगाभ्यास किए। सर्व प्रथम प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी द्वारान योगाभ्यास से पूर्व योगाभ्यास की बारीकियों को सहविस्तार से बताया। प्रतिदिन सूर्योदय से पहले उठकर हमें योग कब, कहां और कैसे करना चाहिए हमारे खान पान, रहन सहन, कपड़े कैसे होने चाहिए योग अभ्यास केवल आज 21 जून को ही नहीं बल्कि प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटे अपने स्वयं के लिए करना चाहिए। योग अभ्यास करने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी भी किसी भी क्षेत्र में कभी भी पराजय का मुंह नही देखना पड़ता है क्योंकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सफलता मिलती चली जाती है। योगाभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है जो व्यक्ति प्रतिदिन नियमित निश्चित समय पर योगाभ्यास करता है उसके जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास होता चला जाता है।

प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रभूषण साहू द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योगाभ्यास भाग एक प्राथमिक और भाग दो माध्यमिक शाला की पाठ्य पुस्तकों का उपयोग किया गया। साथ ही शिक्षक ईश्वरी प्रसाद साहू द्वारा योगाभ्यास के गतियोग के 6 आसन और प्रज्ञा योग के 16 आसन और विभिन्न प्राणायाम अनुलोम विलोम, भ्रामरी, भस्त्रिका, कपाल भाती, ओंकार मंत्र, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र जप कर विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान ईश्वरी साहू, जगमोहन साहू, शोभा देवांगन, परमेश्वर निषाद, लालजी सिन्हा, टीकू राम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप साहू, सरपंच मोहनलाल साहू, उपसरपंच आनंद साहू, सचिव झम्मन पटेल, पूर्णानंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भूषण लाल साहू, वेदलता गोस्वामी, लक्ष्मी यादव, डुमेश्वरी साहू, भगवती साहू, गोदावरी साहू, घसनीन बाई, लुप्ताजंलि गोस्वामी, लोकेश्वरी साहू, सनत साहू, वेदान्त सेन, पेशान्त साहू, मेनका साहू, दिव्या, ठामेश्वरी साहू सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## योगाभ्यास चिंता और रोग मुक्त करता है : तोकेश्वरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार को 10वां अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया गया। स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम को लेकर इस वर्ष के योग को समर्पित किया। योगाचार्य संतराम कंवर, मिथलेश सिन्हा, शंकर यदु, हीरालाल साहू सहयोगी ईश्वर यदु, देवनारायण यदु के द्वारा योग प्रोटोकाल को क्रमशः कराया गया। राज्य मिडिया प्रभारी पतंजलि मिथलेश सिन्हा ने योग करने की प्रारंभिक जानकारी देते प्रणय गान एवं प्रार्थना संकल्प कराया। योगाचार्य शंकर यदु ने शिथिलीकरण अभ्यास कपालभाति अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि कराये योगाचार्य संतराम कंवर ने ग्रीवा चालन, कटि चालन, घुटना चालन ताडासन, वृक्षासन पादहस्तासन, अर्धचक्रासन त्रिकोणासन, भद्रासन, अर्धउष्ट्रासन शशकासन वक्रासन व ध्यान कराये साथ ही सभी आसनों के लाभ और सावधानियों को बताया अंत में मिथलेश सिन्हा ने शांतिपाठ कराकर योगाभ्यास का समापन किया गया। इससे पूर्व आयोजन का शुभारंभ दीपप्रज्जवन कर करने के लिए समाजसेवी शीतल ध्रव ने कार्यक्रम के अतिथियों तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष, सतरुपा साहू तहसीलदार, यशवंत यादव जिला संरक्षक पतंजलि योग समिति, आरके ध्रुव सीईओ जनपद, लालसिंह मरकाम सीएमओ, के एस मतावले बीईओ, हरीश देवांगन बीआरसीसी,



### योग दिवस में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी

प्राचार्यगण एनसी साहू, केके साहू, प्रदीप मिश्रा संतोष वर्मा को आमंत्रित किया पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर कयाराम यादव वरिष्ठ लेखा अधिकारी, हेमलाल कंवर एडीईओ, वीरेन्द्र कुमार ठाकुर लेखापाल, लारेन्स महिलांगे, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर ममता साहू, राजेश्वरी वर्मा, रुपेश शर्मा के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि प्रथम सुख निरोगी काया है, आज हमारी आय का अधिकतम राशि खानपान की विसंगति और उससे उपजी रोगों के इलाज में अस्पतालों के चक्कर में व्यय हो रहा है, योग ही इसका एकमात्र उपचार है। योग चिंतामुक्त रोगमुक्त करता है। खोमन चंद्राकर ने कहा कि योग के द्वारा भारत का सिर विश्व में और ऊंचा हुआ है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने 177 सहसमर्थक देशों के साथ 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस अनुमोदित किया। तहसीलदार सतरुपा साहू ने कहा कि योग तनाव अवसाद को दूर कर मन में शांति लाता है आपसी संबंध मजबूत बनाता है। सीईओ ध्रुव ने कहा कि योग को अपने साथ-साथ परिवार के सदस्य व पड़ोसी के जीवन का अंग बनाएं स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ मनुष्य की आवश्यकता होती है। इस दौरान कार्तिक यादव करारोपण अधिकारी, मोतीलाल साहू प्रधान पाठक, केसव प्रसाद साहू, नगर पंचायत से नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, रामाधार यादव, धनेश्वर नाग, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, मिथलेश सिन्हा, नामेश साहू, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, दानेश्वर निर्मलकर, योगप्रशिक्षक पोखन ठाकुर, नरेंद्र साहू, होरीलाल साहू जनपद पंचायत से सीताराम स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभी शिक्षक स्टाफ, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ, सरस्वती शिशु मंदिर के स्टाफ, पशु चिकित्सक सहित मणिकंचन के सफाई दीदी शामिल हुए।

## योग एक कला, जो हमारे शरीर व आत्मा को जोड़ता है

**छुईहा बेलर।** अंतरराष्ट्रीय 10 वां योग दिवस पर शुक्रवार को स्कूल में विभिन्न प्राथमिक व माध्यमिक सहित शिक्षण संस्थान योगमय नजर आया। छूईहा, चरौदा, बेलर, सेंदर, बिजली, खुटेरी, सिर्रिखुर्द, कुण्डेल हर तरफ "करें योग रहें निरोग" का नारा गूंजता रहा। इसके साथ ही प्रशिक्षित योग शिक्षक विद्यार्थियों को सामूहिक में योग व प्राणायाम के महत्व और फायदे बताते हुए अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सीख दी गई। इस दौरान बच्चों ने योग को जीवन में अपनाने के साथ ही औरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। सिर्रीखुर्द मे विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा योग एक कला है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है। योग मे प्रचार्य छुईहा नारायण निषाद, प्राचार्य बेलर कमल पांडेय, परसदाकला प्रचार्य ठाकुर राम, बिजली प्राचार्य पूरन साहू, प्रचार्य खुटेरी, प्रचार्य सेंदर मेघा ठाकरे, सिर्रीखुर्द प्रधानाध्यापक ठाकुर राम साहू, खोमन सिन्हा ने योग दिवस को सफल बनाने में विशेष प्रयास किया।



## लोहरसी स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**कोपरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहरसी परिसर में शुक्रवार को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान के एल कंवर प्राचार्य, संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक सीएल घोगरे, शिक्षक तातु राम साहू, अश्वनी साहू, रूपसिंग नेताम, तुलसी यादव, जयकुमार नागवंशी, तेजकुमार मांडले, संदीप सिरके, स्वीपर गोपीराम निर्मलकर उपस्थित रहे।



## योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शाला में अध्यनरत छात्रा- छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओ, अन्य स्टॉफ एवं संस्था में कार्यरत कार्यकर्ता सभी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था प्रमुख एवं शाला के निर्देशक जॉर्ज जेकैब, शाला के प्रबंधक आशीष जॉर्ज जेकॉब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य एवं शाला के प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकॉब थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाला के शिक्षक लोवित रत्नाकर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथि एवं समस्त स्टाफ का स्वागत करते हुए आज का कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने एवं संपन्न करने हेतु शाला के क्रीड़ा शिक्षक कृष्ण कुमार निषाद को आमंत्रित किए। तत्पश्चात शाला के प्राचार्य अपने अनुभव एवं मनताव्य को इस कार्यक्रम में उपस्थित सब को विश्व योग दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। योग तनाव के लिए एक प्रसिद्ध मारक है और बेहतर नींद पैटर्न को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के अंत में शाला के शिक्षिका कीर्ति यादव ने उपस्थित सभी विशेष अतिथि एवं शिक्षक शिक्षिका गण मोहित, दुष्यंत, जोगेश्वर, दीप्ती, राधा, बिनीता, परमेश्वरी, भोज को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



